# उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर डीईए कार्यशाला और क्लिनिक में पीपीपी उपलब्धियों को किया प्रदर्शित

***इन्वेस्ट यूपी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रमुख उपलब्धियों और पीपीपी सफलताओं को प्रदर्शित किया***

**लखनऊ, 27 फरवरी, 2025** - उत्तर प्रदेश सरकार ने 27 और 28 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) द्वारा आयोजित “पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर कार्यशाला और क्लिनिक-अगली पीढ़ी के पीपीपी को गति देना” (वर्कशाप एंड क्लिनिक ऑन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप- ऐक्सेलरैटिंग नेक्स्ट जेनेरेशन आफ पीपीपी) में भाग लिया।

इन्वेस्ट यूपी ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मोड के तहत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और अवसरों को प्रस्तुत किया। जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश ने अब तक 98 से अधिक पीपीपी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है, जबकि 155 से अधिक परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वयन के चरण में हैं।

कार्यशाला के पहले दिन, इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्तमान पीपीपी परियोजनाओं व आंकड़ों पर एक प्रस्तुतिकरण दिया, जिसमें पीपीपी के अंतर्गत निवेश योग्य परियोजनाओं को रेखांकित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त विभाग के सचिव, श्री मुथुकुमारासामी बालासुब्रमण्यम ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों और पहलों ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित किए हैं।

इन क्षेत्रों में उपलब्ध सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के अवसरों पर भी चर्चा की गई, साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निवेश और ईज़ आफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रदान की जा रही सहायता, जैसे सिंगल विंडो क्लीयरेंस, का भी उल्लेख किया गया। यह भी बताया गया कि राज्य आकर्षक पीपीपी नीति विकसित करने की प्रक्रिया में है।

इन्वेस्ट यूपी राज्य के आर्थिक विकास और प्रगति को गति देने के लिए पीपीपी का उपयोग कर निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

----------------